हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 218 देहरादून, सोमवार, 20 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने ली चार धाम यात्रा की बैठक 3

# राज्यपाल ने किया भानियावाला में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के 16 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को भानियावाला देहरादून में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के 16 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सदस्यों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने संस्था की स्मारिका का विमोचन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था राष्ट्र सर्वोपरि व राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था के 90 हजार से अधिक सदस्य एक विशाल परिवार को रूप लेकर देश सेवा के महान संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था वीर सैनिकों और राष्ट्रभक्त नागरिकों के साथ व्यक्तिगत और चरित्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इस परिवार को हमारे हजारों देशभक्त नागरिकों और वीर सैनिकों ने स्वयं समर्पित भावना से बनाया है, इस परिवार का सदस्य होना हर एक के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण और चरित्र निर्माण एक दूसरे के पूरक हैं। बिना चरित्र निर्माण के राष्ट्रीय एकीकरण संभव नहीं है।







राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति और उन्नति उसके नागरिकों पर निर्भर है। नागरिक अपने राष्ट्रभक्ति और अनुशासन के बल पर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी नेतृत्व भावना को पहचानना होगा जिसके बल पर हम भारत को एक बार पुनः विश्वगुरू के शिखर पर आसीन कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत की सभ्यता, संस्कृति और इतिहास समृद्ध है, जो हमें नेतृत्व की भावना के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल का यह समय भारत का है और इसे हमें पहचानना होगा। राज्यपाल ने कहा कि इस अधिवेशन में नगर पालिका से लेकर संसद तक पूर्व सैनिकों को मनोनीत करने का विचार रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस विचार के साथ यह अपेक्षा करता हूँ कि समाज के सभी क्षेत्रों में एक नई प्रगति लाने के लिए पूर्व सैनिकों को शामिल किया जाना चाहिए।

सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और शैक्षिक क्षेत्रों में पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधित्व से वे देश की प्रगति व उन्नति में अपना सहयोग कर सकेंगे। कार्यक्रम में पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक प्रो. पवन सिन्हा, विश्व शांति केंद्र के संस्थापक आचार्य डॉ.लोकेश मुनि, ले.ज.अश्विन कुमार बक्शी, ले.ज शक्ति गुरुंग, मे.ज ओ पी सौनी, मे.ज एम एल असवाल आदि ने अपने विचार रखे। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र बगासी सहित देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## सोमवती अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने को कसी कमर

### मेला क्षेत्र को 5सुपर जोन, 16 जोन एवं 39 सेक्टरों में बांटा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, 19 फ़रवरी। सोमवती अमावस्या स्नान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन-पुलिस महकमे ने कमर कस ली है। मेला क्षेत्र को पांच सुपर जोन, 16 जोन एवं 39 सेक्टरों बांटते हुए पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है। एसपी सिटी को मेला क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले के दोनों शीर्ष अधिकारियों ने स्नान पर्व को लेकर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। रविवार को ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज कैंपस के ऑडिटोरियम में आयोजित फोर्स की ब्रीफिंग में जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय और एसएसपी अजय सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि सोमवती अमावस्या स्नान पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कर्मचारी अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर भौगोलिक परिवेश की जानकारी ले लें, जिससे उन्हें दिक्कत न हो। हाईवे पर तैनात हर पुलिसकर्मी को यातायात प्लान की जानकारी होना भी जरूरी है, लिहाजा हर कोई यातायात प्लान का सख्ती से पालन कराए। डीएम-एसएसपी ने कहा कि पिछले स्नान पर्वों की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है, वैसे भी स्नान पर्व के दौरान भीड़ का दबाव बढ़ता जाता है। उन्होंने कहा कि जोनल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में एक-एक वैकल्पिक मार्ग चयन जरूर कर लें। ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मी को पूरी तरह से चौकस रहना है। मनसा देवी एवं चंडी देवी मंदिर कैंपस में अव्यवस्था का आलम न हो, इसलिए कतारबद्ध संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आगे बढ़ते रहें। प्वाइंट को किसी भी सूरत में पुलिसकर्मी नहीं छोड़े, वरना कार्रवाई होना तय है। इस दौरान एसपी अपराध रेखा यादव, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, एसपी देहात एसके सिंह, राजपत्रित अफसर, एसओ, इंस्पेक्टर मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति की ओर अग्रसर : सांसद अजय टम्टा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



अल्मोड़ा, 19 फ़रवरी। भाजपा रानीखेत मंडल कार्यसमिति की बैठक में सांसद अजय टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज हर क्षेत्र में प्रगति की ओर अग्रसर है। दिशाहीन और मुद्दा विहीन हो चुके विपक्ष को सरकार की दूरगामी नीतियां नजर नहीं आ रही। भारत को जी-20 की मेजबानी मिलने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। रानीखेत के शिव मंदिर में रविवार को भाजपा रानीखेत मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे सांसद अजय टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज पूरे विश्व में एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाल देश बनकर उभर रहा है।

वैश्विक मंदी में भी भारत की जीडीपी लगातार बढ़ रही है और देश आत्मनिर्भर बना है। जबकि आर्थिक रूप से संपन्न कई राष्ट्र तक मंदी की चपेट से नहीं बच पाए। सांसद टम्टा ने कहा कि आज देश में राष्ट्रीय राजमार्गों और रेल लाइनों का जाल बिछाने के साथ मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र बढने से रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नये आयाम हासिल कर रहा है। पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य होने से आम जनता को लाभ मिल रहा है। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी और संचालन नीरज तिवारी व उमेश पंत ने किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष दीप भगत, मोहन नेगी, पूर्व दर्जा मंत्री नरेंद्र रौतेला, आशु भगत, विमला रावत, जगदीश अग्रवाल, विनोद भार्गव, ललित मेहरा, पावस जोशी, उमेश पाठक, संजय पंत, उमा रावत, माया बिष्ट, रेखा पांडे, शौकत अली, दर्शन सिंह बिष्ट, कवि भंडारी, अशोक पंत, ललित भगत, प्रकाश कुवार्ब, रविंद्र खाती, चंद्रशेखर, भानू पांडे, हर्षित सती, रामेश्वर गोयल आदि मौजूद रहे।

# 1500 रुपए में चलेगा पूरे साल चलेगा ये सिलेंडर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फरवरी , Gas Cylinder की कीमत आसमान छूने लगी है। इसका असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। अगर आप भी ऐसी ही परेशानी का सामना कर रहे हैं तो हम आपको एक नए प्रकार का Gas Stove बताने जा रहे हैं। इसकी खासियत है कि इस पर आप बिना गैस सिलेंडर के भी खाना बना सकते हैं। यहां तक कि पूरे परिवार का खाना भी बहुत आसानी से बनाया जा सकता है। तो चलिये आपको भी इसके बारे में बताते हैं- Induction Cooktop की खासियत होती है कि ये बिना गैस सिलेंडर के भी खाना पकाता है।

यही वजह है कि कई लोग इसका दबाकर इस्तेमाल भी कर रहे हैं। भारत में इसका चलन भले ही नया है, लेकिन अमेरिका, कनाडा जैसे विकसित देशों में लोग लंबे समय से खाना पकाने के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। Induction Cooktop पर खाना पकाने के लिए आपको बस बिजली की जरूरत होती है।

Butterfly Rapid Plus Induction Cooktop

Butterfly Rapid Plus Induction Cooktop को आप फ्लिपकार्ट से ऑर्डर कर सकते हैं। इसकी MRP 3,399 रुपए है और आप इसे 55% डिस्काउंट के बाद 1,499 रुपए में खरीद सकते हैं। साथ ही इस पर आपको कई बैंक ऑफर्स भी मिल रहे हैं। HSBC Bank Credit Card से पेमेंट करने पर 10% की छूट मिल सकती है। आज ऑर्डर करने पर Induction Cooktop को 24 फरवरी तक डिलीवर कर दिया जाएगा। साथ ही इसकी 1 साल की वारंटी कंपनी की तरफ से दी जा रही है।

Prestige Atlas 3.0 Induction Cooktop

Prestige Induction Cooktop भी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। इसकी MRP 2,895 रुपए है और आप इसे 39% डिस्काउंट के बाद 1,756 रुपए में खरीद सकते हैं। कंपनी की तरफ से Induction Cooktop की 1 साल की वारंटी दी जा रही है। आज ऑर्डर करने पर ये 24 फरवरी तक डिलीवर कर दिया जाएगा। ये 1200W Option के साथ आता है। अगर आपको कोई ज्यादा पावरफुल चाहिए तो आप 1600W Option भी देख सकते हैं।



# मोमोज और मेयोनीज खाने के हैं शौकीन तो हो जाएं सावधान !



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फ़रवरी. आज के समय में अक्सर लोग मोमोज के दीवाने हैं। वहीं मोमोज खाना बेहद पसंद करते हैं। आपको बता दें, मोमोज के साथ चटनी और मेयोनीज भी खाया जाता है, जो मोमोज के स्वाद के चार-चांद लगाता है। मेयोनीज का इस्तेमाल कई सारे फूड में किया जाता है। इससे खाने का स्वाद काफी बेहतर हो जाता है। लेकिन आपको पता है? ये मेयोनीज खाने में जितना स्वादिष्ट है उतना ही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे कई बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए मोमोज लवर आज सावधान हो जाएं। क्योंकि इससे कई मुसीबतों को झेलनी पड़ सकती है।

**ब्लड शुगर के मरीजों के लिए है खतरनाक**

मोमोज और मेयोनीज खाने में तो काफी लाजवाब होता है। मगर इसका सेवन ब्लड शुगर के मरीजों को नहीं करनी चाहिए। ये उनके लिए काफी खतरनाक हो सकता है। इससे मरीज का ब्लड शुगर लेवल काफी बढ़ सकता है। इसलिए इसका सेवन भूलकर भी न करें।

**बढ़ सकता है वजन**

आज के समय में बच्चे जंग फूड के तरफ काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। इस स्थिति में उन्हें मोमोज काफी पसंद है और वो इसका नियमित सेवन करते हैं। मगर ऐसा नहीं करना चाहिए। इसका असर उनके वजन पर पड़ता है। इससे उनका वजन काफी बढ़ जाता है, वहीं कई मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। वहीं अन्य लोगों को भी मोमोज और मेयोनीज का सेवन नियमित रूप से नहीं करनी चाहिए। इससे व्यक्ति का वजन काफी बढ़ने लगता है।

**कोलेस्ट्रॉल की बढ़ सकती है समस्या**

हार्ट की परेशानी से बचने के लिए शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल मेंटेन रहना बहुत जरूरी है। इसके लिए खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसलिए हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से बचने के लिए मोमोज और मेयोनीज का सेवन न करें। इससे हार्ट की परेशानी भी काफी बढ़ सकती है।




# पासपोर्ट 5 दिन में - जानिए क्या है mPassport Seva ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फ़रवरी , अब आपका पासपोर्ट 5 दिन में बनकर आपके घर पहुंच जाएगा. इसके लिए आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा और इसके लिए डॉक्युमेंट्स की लिस्टिंग करना भी जरूरी नहीं है. आप अपने डाक्यूमेंट्स ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं.

Urgent Passport: अगर आपको अर्जेंट में पासपोर्ट बनवाना है तो ये खबर आपके काम की है. अब आपका पासपोर्ट 5 दिन में बनकर आपके घर पहुंच जाएगा. इसके लिए आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा और इसके लिए डॉक्युमेंट्स की लिस्टिंग करना भी जरूरी नहीं है. आप अपने डाक्यूमेंट्स ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं. साथ ही, आइडेंटिटी प्रूफ और ऐड्रेस प्रूफ जैसे तमाम डॉक्युमेंट की जगह सिर्फ आधार कार्ड से भी काम चल जाएगा.

गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने दिल्ली में पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए एक खास सेवा शुरू की है. जिसका नाम है एमपासपोर्ट सेवा (mPassport Seva). केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शाह ने इस सुविधा को लॉन्च किया है. इस नई सुविधा के तहत आपका पासपोर्ट महज 5 दिन में वेरीफाई होकर आपके घर पहुंच जाएगा. इस नए सिस्टम से नार्मल पासपोर्ट के लिए वेरिफिकेशन के लिए 15 दिन के समय को काफी कम कर देती है. जिसकी वजह से यह पासपोर्ट के प्रोसेस को और भी आसान बना देती है.

**mPassport Seva का बेनिफिट कौन ले सकता है ?**

एमपासपोर्ट सेवा (mPassport Seva) सर्विस एक ऑनलाइन सेवा है जिसे दिल्ली में रहने वाले लोग अपने मोबाइल, कंप्यूटर या टैबलेट का इस्तेमाल करके एक्सेस कर सकते हैं. इसको यूज करना काफी आसान है. इसके लिए यूजर को केवल पासपोर्ट सेवा पोर्टल पर रजिस्टर करना होगा, इसके बाद लॉग इन करके पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के लिए अप्लाई करना जरुरी होगा. इसके बाद, यूजर अपनी डिटेल्स भर सकते हैं. अपॉइंटमेंट फीस भरने के बाद अपने पास के ही पासपोर्ट केंद्र पर अपॉइंटमेंट बुक करन होगा. एक बार अपॉइंटमेंट कन्फर्म हो जाने के बाद, यूजर को अपॉइंटमेंट स्लिप डाउनलोड करनी होगी और इसके प्रिंटआउट के साथ जरूरी डाक्यूमेंट्स साथ लेकर जाना होगा.

नई ऑनलाइन सेवा दिल्ली पुलिस के काम के बोझ को भी कम करेगी, अभी उन्हें रोजाना 2,000 पासपोर्ट एप्लीकेशन को प्रोसेस करना होता है. G20 शिखर सम्मेलन के साथ, सरकार ने मांग में अपेक्षित वृद्धि को पूरा करने के लिए अधिक कुशल और तेज सेवा प्रदान करने के महत्व को स्वीकार किया है.



# श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने ली चार धाम यात्रा की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रुद्रप्रयाग 19 फरवरी, वर्ष- 2023 श्री केदारनाथ धाम यात्रा के अंतर्गत केदारनाथ धाम यात्रा के सफल संचालन हेतु की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में अध्यक्ष श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गईं।

अध्यक्ष बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल, 2023 को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा को सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन हेतु जिस स्तर से जो भी व्यवस्थाएं एवं तैयारियां की जा रही हैं, वह सभी व्यवस्थाएं 15 अप्रैल, 2023 से पूर्व ही सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में बर्फ हटाने का कार्य त्वरित गति से शुरू किया जाए तथा जो भी मार्ग क्षतिग्रस्त हैं उनका भी मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं को संपादित करने हेतु तैनात किए जाने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए ताकि यात्रा व्यवस्थाओं को संचालित करने में किसी प्रकार की काई परेशानी न हो। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था के लिए उचित पार्किंग एवं यातायात प्लान तैयार किया जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए जाने वाले पुलिस कर्मियों को उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए एवं केदारनाथ धाम सहित यात्रा मार्ग में उचित स्वास्थ्य सुविधाएं, साफ-सफाई व्यवस्था, पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था तथा संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के लिए उचित पानी की व्यवस्था एवं यात्रा मार्ग में विद्युत व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाओं को दुरस्त रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अवगत कराया है कि केदारनाथ यात्रा के सफल संचालन के लिए तैनात किए गए अधिकारियों एवं कार्मिकों को उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है तथा उन्हें सौंपे गए दायित्वों एवं कार्यों के बारे में पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है ताकि यात्रा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए। उन्होंने कहा कि यात्रा की सफलता के लिए जो भी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं जिस स्तर से की जानी हैं सभी को आवश्यक निर्देश देते हुए सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्ग को सुचारू करने के लिए बर्फ हटवाने का कार्य कल से ही शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं तथा यात्रा मार्ग में जिन स्थानों में वर्तमान में बर्फ नहीं है उस क्षेत्र के क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक कराने के निर्देश डीडीएमए को दिए गए हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार की कोई क्रूरता न हो तथा बीमार व कमजोर घोड़े-खच्चरों का किसी भी दशा में संचालन न किया जाए इसकी निगरानी के लिए 20 पीआरडी जवानों की तैनाती की गई है जिन्हें उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों की निगरानी के लिए विभिन्न यात्रा पड़ावों में तैनात किए जाएंगे।

बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती गीता झिंक्वाण, अध्यक्ष नगर पंचायत अगस्त्यमुनि श्रीमती अरुणा बेंजवाल, तिलवाड़ा श्रीमती संजू जगवाण, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदारनाथ योगेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता प्रवीण कर्णवाल, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, मंदिर समिति से आरसी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कहीं आपका GST बिल नकली तो नहीं ? कीजिये असली की पहचान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फ़रवरी ,नकली और असली की पहचान अब बेहद मुश्किल काम हो चुका है। सामान नकली , व्यापार नकली , खरीदार नकली और तो और बिल भी नकली जी हाँ सही सूना आपने , लोगों के समझ में नहीं आता है कि वह जो चीज भी खरीदते हैं, वह असली है या नकली। जीएसटी बिल भी उन्हीं चीजों में से एक है, जिसे कई दुकानदार आजकल नकली दे रहे हैं। दरअसल लोग सामान खरीदते हैं और उसपर जीएसटी भी देते हैं, लेकिन दुकानदार जीएसटी लेने के बावजूद उन्हें नकली बिल थमा देते हैं।


नकली बिल मिलने से हमारी ओर से दिया गया सामान पर जीएसटी सरकार को मिलने के बजाए दुकानदार को मिल जाता है। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि आम लोग असली और नकली जीएसटी की पहचान कैसे करें। इसी को लेकर आज हम आपको कुछ तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप आसानी से असली और नकली जीएसटी की पहचान कर पाएंगे।

**खुद इन तरीकों से करें असली जीएसटी बिल की पहचान:-**

जीएसटी बिल की पहचान करने का एक तरीका ये है कि सबसे पहले आपको देखना होगा कि बिल पर लिखा जीएसटी बिल जीएसटीआईएन नंबर 15 अंकों का है या नहीं। इसके पहले दो अंक राज्य का कोड होते हैं। वहीं अगले 10 अंक उस दुकानदार या कंपनी का पैन कार्ड नंबर होता है। वहीं 13वां अंक राज्यों के रजिस्ट्रेशन की संख्या के आधार पर आवंटित होता है। इसके बाद 14वां अंक डिफॉल्ट रूप से Z होता है और अंतिम यानी 15वां अंक चेक कोड होता है। अगर इस क्रम में कोई गड़बड़ी है तो समझ लीजिए कि जीएसटी बिल फर्जी है।

जीएसटी बिल की पहचान करने का एक तरीका ये भी है कि आप जीएसटी बिल पर मिले जीएसटीआईएन नंबर को जीएसटी की वेबसाइट पर डालकर भी रजिस्ट्रेशन से लेकर सभी जानकारी का पता कर सकते हैं। अगर जीएसटीआईएन नंबर गलत होगा तो इनवैलिड जीएसटीआईएन लिखा दिखाई देगा।

# मंहगा पड़ेगा उड़न खटोले से बाबा केदारनाथ के दर्शन : किराये में वृद्धि !



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फ़रवरी , चारधाम की यात्रा साल 2023 में अप्रैल के महीने से शुरू होगी। इस यात्रा को लेकर उत्तराखंड के सीएम धामी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ऐसे में नागरिक उड्डयन विभाग ने भी यात्रा को लेकर बैठक किया है। इस बैठक में चार धाम की यात्रा को लेकर कई तरह के बदलाव किए गए हैं। बताया जा रहा है कि चारधाम यात्रा के दौरान हेली सेवा का किराया अब तीन सालों के लिए, तय किया जाएगा। वहीं किराए में भी सरकार की तरफ से बढ़ोतरी हो सकती है। इस यात्रा से पहले नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने इसके टेंडर के प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। इस टेंडर में शामिल कंपनियों की तरफ से ही किराया निर्धारित किया जाएगा।

**साल 2023 में तीन साल का अनुबंध हुआ खत्म**

केदारनाथ हेली सेवा के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने साल 2020 में 8 कंपनियों से तीन साल के लिए अनुबंध किया है। ऐसे में अब इन कंपनियों के साथ अनुबंध का समय इस साल खत्म हो रहा है। वहीं कोविड महामारी के समय यात्रा पूरी तरह से बंद थी ऐसे में हेली सेवा का संचालन भी नहीं किया गया था। अब यात्रा के शुरू होते ही हेली सेवा का संचालन करने वाली कंपनियां किराया में बढ़ोतरी करने जा रही हैं। हेली सेवा का संचालन करने वाली कंपनियों का कहना है कि एविएशन टरबाइन फ्यूल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं ऐसे में अब किराया बढ़ाना ही हमारे पास आखिरी विकल्प है।"

# भडक़े बेरोजगार नर्सेज ने दी सचिवालय घेराव की चेतावनी

देहरादून, 19 फ़रवरी। स्टाफ नर्स भर्ती में बाहरी राज्यों के युवाओं को मौका दिए जाने से संविदा बेरोजगार नर्सेज भडक़ गए हैं। उन्होंने बाहरी युवाओं पर रोक न लगने पर 25 फरवरी को सचिवालय घेराव की चेतावनी दी है। बेरोजगार नर्सेज एसोसिएशन की रविवार को दून में बैठक हुई जिसमें स्टाफ नर्स के पदों पर चल रही भर्ती में अन्य राज्य के युवाओं को मौका दिए जाने का विरोध किया गया। बेरोजगार नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हरिकृष्ण बिज्लवाण ने बताया कि नैनीताल हाईकोर्ट ने राजस्थान के कुछ युवाओं को स्टाफ नर्स के लिए आवेदन करने का मौका दिया है। जबकि यह पद समूह ग के तहत आता है और स्वास्थ्य विभाग को कोर्ट को वस्तु स्थिति से अवगत कराना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बेरोजगार इस संदर्भ में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत, सचिव डा. आर राजेश कुमार, महानिदेशक स्वास्थ्य और चिकित्सा चयन आयोग के अध्यक्ष से मिल चुके हैं लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में स्थानीय युवाओं के हकों की लड़ाई के लिए कदम नहीं उठाया तो उन्हें मजबूरन 25 फरवरी को सचिवालय कूच करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर अलका नेगी, हेमा नेगी, राखी, दिनेश पंवार, पंकज नौटियाल, सुरजीत सिंह, रमेश कोहली आदि मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए कार्यकारिणी गठित

पिथौरागढ़,19 फ़रवरी। पुरानी पेंशन बहाली के लिए ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। रविवार को नगर के लोनिवि गेस्ट हाउस में सरकारी कर्मचारी व शिक्षकों ने बैठक की। सर्वसम्मति से जीवन नेगी को अध्यक्ष, साधुराम ग्वासीकोटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिग्विजय सिंह राणा उपाध्यक्ष गणाई मंडल, मोहन उप्रेती उपाध्यक्ष, हेम पाठक सचिव, हृदयेश कोहली उप सचिव, हरीश पंत कोषाध्यक्ष, किरन उपाध्याय कोषाध्यक्ष गणाई मंडल, त्रिभुवन बिष्ट, भगवती प्रसाद जोशी, हरीश पंडा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भीमराज भंडारी, माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कंचन जोशी व मिनिस्ट्रियल संघ के ब्लॉक अध्यक्ष षष्टि रावल को संरक्षक चुना गया।

# 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा, 25 अप्रैल को खुलेंगे केदार के द्वार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 19 फ़रवरी , विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा की तारीखों का एलान हो गया है। देवभूमि उत्तराखंड में आज शिवरात्रि पर्व पर वेदपाठी, हक-हकूकधारी और रावल भीमाशंकर लिंग की उपस्थिति में केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय कर दी गई है। श्री केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल 2023 को प्रातः 6 बजकर 20 मिनट पर खुलेंगे। बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में आज कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की गई।

**25 अप्रैल को खुलेंगे बाबा केदार के द्वार**

उत्तराखंड के चार धामों में गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट 22 अप्रैल को और बदरीनाथ के कपाट 27 अप्रैल को खोले जाने हैं। इसके बाद वेदपाठी, केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग व मुख्य पुजारी के साथ ही हक-हकूकधारी, प्रशासन व तीर्थ पुरोहितों की मौजूदगी में पंचांग गणना के बाद सुबह 9:30 बजे कपाट खुलने की तिथि व मुहूर्त निकाला गया।साथ ही उत्सव डोली के ओंकारेश्वर मंदिर से केदारनाथ रवाना होने की तिथि भी घोषित होगी।






**27 अप्रैल को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के द्वार**

बता दें, विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट भी इस वर्ष 27 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर खुलेंगे। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर टिहरी में नरेंद्रनगर के राजमहल में धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की गई। समारोह में पंचांग गणना के बाद विधि विधान के साथ कपाट खुलने की तिथि तय की गई। वहीं, गाडू घड़ा की तेल कलश यात्रा 12 अप्रैल को निकाली जाएगी। इस अवसर पर टिहरी राजपरिवार सहित बदरी-केदार मंदिर समिति, डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के बाद यहां भी यात्रा की तैयारियां तेज हो जाएंगी। परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष शिवरात्रि पर्व पर पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाती है। आज महाशिवरात्रि के पवित्र पर्व पर बाबा केदार का श्रृंगार कर महाभिषेक किया गया। इसके लिए शिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ बाबा केदार का श्रृंगार कर महाभिषेक की तैयारी की गयी थी।

# IPL 2023 : 31 मार्च को होगा पहला IPL मैच, हार्दिक से भिड़ेंगे धोनी

अरशद मलिक
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फरवरी, IPL Schedule 2023: पिछली बार गुजरात टाइटंस ने फाइनल में राजस्थान रॉयल्स को हराकर खिताब जीता था। वह पहली बार आईपीएल में खेला था। उसने पहले ही प्रयास में कामयाबी हासिल कर ली थी।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सीजन का शेड्यूल जारी हो गया है। शुक्रवार (17 फरवरी) को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि पहला मैच 31 मार्च को गत विजेता गुजरात टाइटंस और चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। इसका मतलब है कि युवा स्टार हार्दिक पांड्या के सामने पहले ही मैच में अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी की चुनौती होगी। 28 मई को फाइनल मैच खेला जाएगा। उद्घाटन और फाइनल दोनों मैचों का आयोजन अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।52 दिनों में 10 टीमों के बीच 70 लीग मैच खेले जाएंगे। उसके बाद प्लेऑफ के चार मैच खेले जाएंगे। इस तरह टूर्नामेंट में कुल 74 मैच होंगे। 18 डबल हेडर (एक दिन में दो मुकाबले) होंगे। देश भर के कुल 12 मैदानों पर सारे मुकाबले खेले जाएंगे। एक टीम लीग दौर में सात मैच अपने घरेलू मैदान और सात मैच विपक्षी टीम के मैदान पर खेलेगी। धर्मशाला में पंजाब किंग्स और गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने दो-दो घरेलू मैच खेलेगी।





धोनी का हो सकता है आखिरी आईपीएल पिछली बार गुजरात टाइटंस ने फाइनल में राजस्थान रॉयल्स को हराकर खिताब जीता था। वह पहली बार आईपीएल में खेला था। उसने पहले ही प्रयास में कामयाबी हासिल कर ली थी। इस बार चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का यह आखिरी विश्व कप हो सकता है। 41 साल के धोनी 2020 में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।आईपीएल 2019 के बाद पहली बार सभी टीमों के होम ग्राउंड पर खेला जाएगा। 2020 में कोरोनावायरस महामारी के कारण यूएई में टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था। वहीं, 2021 में भारत के कुछ मैदानों पर मैच खेले गए थे, लेकिन बीच में कोरोना महामारी के कारण उसे बीच में रोका गया था और वह यूएई में पूरा हो गया था। 2022 में टूर्नामेंट पूरी तरह भारत में खेला गया था, लेकिन मुंबई-पुणे में लीग और अहमदाबाद-कोलकाता में प्लेऑफ मैच हुए थे।




# इजिप्ट की मुस्लिम छात्रा शिवभक्त बन करती हैं तांडव नृत्य





न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फ़रवरी , इजिप्ट से गुजरात के वडोदरा में एमएस यूनिवर्सिटी में पढ़ने आई रेवा अब्देलनासर महाशिवरात्रि पर्व से पहले भजन संध्या में शिव तांडव नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। रेवा परफॉर्मिंग आर्ट्स फैकल्टी में कथक नृत्य में डिग्री होल्डर हैं। उन्होंने पिता के विरोध के बावजूद शिव तांडव नृत्य करती हैं।कहते हैं कि अगर दिल में लगन और कला के प्रति समर्पण हो तो धर्म की सीमाएं भी उसे बांध नहीं सकती। ऐसी ही कुछ कहानी है इजिप्ट से गुजरात के बड़ौदा में एमएस यूनिवर्सिटी में पढ़ने आई रेवा अब्देलनासर की। रेवा परफॉर्मिंग आर्ट्स फैकेल्टी में कथक नृत्य में डिग्री होल्डर हैं। रेवा ने महाशिवरात्रि पर्व से पहले भजन संध्या में शिव तांडव नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।यही नहीं रीवा ने वाइब्रेंट गुजरात एजुकेशन समिट 2022 अहमदाबाद में भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है। साथ ही आईडीएस वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 दिल्ली, त्रिवेणी कला केंद्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा, जगन्नाथ धाम पुरी महोत्सव उड़ीसा और इसके अलावा पुणे सांस्कृतिक संघ के मंच पर तमाम स्पर्धाओं में भाग लिया है।राष्ट्रीय हो या अंतरराष्ट्रीय दोनों ही पटल पर अपनी कला का लोहा मनवा चुकी रेवा शिव तांडव नृत्य को परम नृत्य मानती हैं। रेवा ने साहित्य उत्सव अहमदाबाद 2023 में हुए कार्यक्रम में अन्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय त्योहारों और स्पर्धाओं में भाग लिया था और अपने तांडव नृत्य से सबका दिल जीत लिया था।इजिप्ट के एक सामान्य मुस्लिम परिवार में से आई रेवा वडोदरा में पिछले 4 साल से रह कर पढ़ाई कर रहीं हैं। वे बताती हैं कि उनके पिता शिव तांडव नृत्य के विरोध में थे लेकिन उनकी माता के सहयोग से शिव भक्त बन चुकी है साथ ही वे कहती हैं कि भगवान शिव उन्हें खूब प्रिय है और जिस खुशी के साथ वह शिव तांडव नृत्य करती है उससे उनकी आत्मा को खूब भी शांति मिलती है।


# बार-बार फोन चेक करने की आदत से दिमाग पर होता है गहरा असर


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फ़रवरी , आजकल की लाइफस्टाइल ने लोगों के जीवन पर बुरा असर डाला है। सुबह जागने से लेकर रात में सोने तक लोग कई ऐसी गलत एक्टिविटी में शामिल होते हैं, जिसके कारण उनके मस्तिष्क और शरीर पर असर पड़ता है। कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो जाती है। इन्हीं गलत गतिविधियों में से एक फोन की लत है। लोग अपने मोबाइल फोन से इस कदर जुड़ चुके हैं उन्हें सुबह उठते ही सबसे पहले अपना फोन चेक करना होता है। बार-बार फोन चेक करने की आदत के कारण उनके मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी ने बार-बार स्मार्टफोन चेक करने के कारण दिमाग पर होने वाले असर पर शोध किया।

ब्रिटिश जर्नल ऑफ साइकोलॉजी में छपी शोध रिपोर्ट के मुताबिक, बार-बार फोन चेक करने से दैनिक जीवन में आने वाली छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान निकालने की क्षमता को कम कर सकता है। फोन चेक करने की आदत के कारण प्रॉब्लम सॉल्विंग एटीट्यूड को कमजोर बना सकता है।







अध्ययन में पता चला कि लोग छोटी छोटी समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए फोन का इस्तेमाल करने लगे हैं। चाहे उन्हें बोरियत कम करनी हो या टाइम पास करना हो, वह अपने स्मार्टफोन में व्यस्त हो जाते हैं। इस कारण उनका मस्तिष्क पर नियंत्रण कम होता जा रहा है और ध्यान भटकने, काम अधूरे छूटने जैसी स्थिति बढ़ने लगी है। स्मार्टफोन के इस्तेमाल की आदत के कारण लोग बात करते करते शब्द भूलने लगते हैं।

इसके अलावा स्मार्टफोन के इस्तेमाल से बच्चों में मायोपिया का खतरा भी बढ़ता है। जर्नल आफ मेडिकल इंटरनेट रिसर्च में छपी रिपोर्ट के अनुसार स्मार्टफोन के अधिक इस्तेमाल से दुनियाभर में 5 से 8 साल की आयु के 49.8 फीसदी बच्चे मायोपिया के शिकार हो सकते हैं। स्मार्टफोन के अधिक उपयोग से आंखों की रोशनी भी जा सकती है और स्टेनोपिया जैसी बीमारी भी हो सकती है।

# मदद के बहाने A.T.M बदलकर ठगी करने वाले दो अभियुक्त आये पौड़ी पुलिस की गिरफ्त में

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी , 19 फरवरी, बीते 15 फरवरी को हरेन्द्र सिंह गुसाई ने कोतवाली कोटद्वार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पदमपुर स्थित SBI ATM कोटद्वार में उनकी मदद के बहाने एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करते हुए उनके खाते से ₹ 65,700 की धनराशि निकाल दी गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा इस धोखाधड़ी की घटना का संज्ञान लेते हुये अभियोग के सफल निस्तारण करने के साथ साथ अभियुक्तों द्वारा राज्य के अलग-अलग जगह रूड़की, ऋषिकेश, देहरादून, हरिद्वार व अन्य राज्यों उत्तर प्रदेश आदि में एटीएम बदलकर रूपये निकालने की घटनायें की है, उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके क्रम में शेखर चन्द्र सुयाल अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार के निर्देशन, गणेश लाल कोहली क्षेत्राधिकारी कोटद्वार, विभव सैनी क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अथक प्रयास से अभियुक्त दीपक और संदीप कुमार को बालासौड तिराहा कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया।




**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के पूछताछ का विवरण**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा भोले भाले लोगों से ठगी के लिए ऐसे लोगों का चुनाव किया जाता है जिन्हें ATM कार्ड का प्रयोग करने में परेशानी आती थी। फिर ये उनकी मदद करने के नाम पर उनका ATM हाथ में लेकर ATM को बदल देते थे और पासवर्ड भी देख लेते थे। तत्पश्चात उनका खाता खाली कर दिया जाता था।

# प्रदेशभर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान सुपरहिट : यशपाल आर्य




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

बाजपुर , 19 फ़रवरी , केंद्र सरकार की विफलताओं और स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस की ओर से प्रदेशभर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत उत्तराखंड के बाजपुर क्षेत्र में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं यात्रा संयोजक अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर यशपाल आर्य ने समाज में प्रेम, भाईचारा और सहिष्णुता का महत्व बताते हुए कहा कि भारत मे लोग हमेशा एकता और भाईचारे से रहते आये हैं। विभाजनकारी शक्तियों को हराना कांग्रेस का लक्ष्य है। भाजपा की राजनीति समाज मे नफरत फैलाने का कार्य करती है। राहुल गांधी का अनुसरण करते हुए कांग्रेसी भी भाजपा के बनाये नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम करेंगे।

वरिष्ठ पार्टी लीडर आर्य ने कहा सरकार पेपर लीक के मामलों में बुरी तरह असफल हो गयी है। बेरोजगार युवाओं को अन्याय के खिलाफ बोलने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी ने देश के लोगों की कमर तोड़ दी है। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से जो सकारात्मक माहौल पूरे देश में निर्मित हुआ है उसको घर घर तक दस्तक देकर पहुंचाने का कार्य करना है।



# बाड़वाला मेले में दूसरे दिन उमड़ी ऐतिहासिक भीड़

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर, 19 फ़रवरी। बाड़वाला में शुरू हुए महाशिवरात्रि मेले के दूसरे दिन रविवार को लोगों की ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी। मेला स्थल के साथ ही बाड़वाला कस्बे तक भीड़ का नजारा रहा। जौनसार बावर, पछुवादून, टिहरी, उत्तरकाशी समेत हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले और उत्तर प्रदेश की बेहट तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों ने मेले में जमकर लुत्फ उठाया। युवतियों ने जलेबी की मिठास के साथ ही तीखी चाट के चटखारे लिए। मेला स्थल पर जगह जगह खाद्य पदार्थों की दुकानें सजी हुई हैं। युवतियों की भीड़ सुबह से ही इन दुकानों पर लगनी शुरु हो गई थी। इस दौरान युवतियों ने जलेबी, रसमलाई की मिठास के साथ ही तीखी चाट, चाऊमीन, मोमो का भी स्वाद लिया।

मेले के दूसरे दिन दोपहर बाद लोगों की भीड़ बढनी शुरू हो गई थी, जो शाम तक इतनी बढ़ी कि मेला स्थल से बाड़वाला कस्बे तक सडक़ पर सिर्फ लोगों के सिर ही सिर दिखाई दे रहे थे। भीड़ के कारण बाड़वाला कस्बे से लेकर जमुना पुल तक जाम लग गया। मेले में हर आयु वर्ग के लोग पहुंचे हुए थे। दूसरे दिन झूले और चर्खी में बैठने के लिए बच्चों और महिलाओं में होड़ लगी रही। भीड़ से व्यापारियों के चेहरों पर रौनक दिखाई दी।

मेले में आई ग्रामीण महिलाएं क्रॉकरी और प्रसाधन के स्टॉलों पर मोल भाव करते देखे गए। व्यापारियों को भी भीड़ को देखते हुए कुछ कम दामों में सामान बेचने में भी अपना फायदा नजर आया, जिसके चलते कई स्टॉल पर दूसरे दिन ही आधे से अधिक समान बिक गया।

मेले के दूसरे दिन युवा भी बड़ी संख्या में मेला स्थल पर पहुंचे। अधिकांश युवा अपने पसंदीदा खेल निशानेबाजी में भाग्य अजमाते देखे गए। इसके साथ ही युवाओं ने अपनी जरूरत के सामान की भी खरीदारी की।

मेला स्थल पर पुलिस का भी गश्त जारी है। सौ से अधिक पुलिस के जवान मेला स्थल के एक किमी के दायरे में तैनात हैं। जेब कतरों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के साथ ही पुलिस के जवान चर्खी, झूले के सामने भी सुरक्षा के इंतजाम परखते रहे।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस







# वनखंडी महादेव मंदिर में मुख्यमंत्री ने शीश नवाया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उधम सिंह नगर , 19 फ़रवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर चकरपुर, उधम सिंह नगर स्थित वनखंडी महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने वनखंडी महादेव मंदिर में मेले का शुभारंभ भी किया। इस दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# नैनीताल : शराब की खाली बोतल लौटाओ,10 रुपये पाओ..IAS धीराज गर्ब्याल की शानदार पहल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फ़रवरी। नैनीताल शहर पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। हर साल लाखों पर्यटक यहां पहुंचते हैं, लेकिन शहर मे जहां-तहां पड़ी शराब की बोतलें देखकर पर्यटकों का मन खट्टा हो जाता है। इससे शहर की छवि तो खराब होती ही है, खूबसूरती पर भी दाग लगता है।इस समस्या के समाधान के लिए नैनीताल प्रशासन ने कमाल की स्कीम निकाली है। इसके तहत अगर शराब पीने के बाद किसी ने शराब की बोतल वापिस की तो उसे प्रशासन 10 रुपये रिफंड के तौर पर देगा।

नैनीताल डीएम धीराज गर्ब्याल ने आबकारी विभाग को नैनीताल में रोजाना बिकने वाली शराब की बोतलों का डाटा मेंटेन करने को कहा है। ये भी तय किया गया है कि शराब के ठेके पर लगे वेस्ट बॉक्स में जो भी व्यक्ति शराब की खाली बोतल देगा, उसे हर बोतल के एवज में दस रुपये मिलेंगे। योजना का मकसद नैनीताल में जहां-तहां पड़ी शराब की बोतलों जमा करना है। फिलहाल योजना शहर में लागू की जा रही है, बाद में इसे पूरे जिले में लागू किया जाएगा।








# उधमसिंहनगर पुलिस को मिली कामयाबी, स्मैक के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उधमसिंहनगर,19 फरवरी ! नशा मुक्त हो उत्तराखंड,मुख्यमंत्री धामी के संकल्प के क्रम में जनपद उधम सिंह नगर में ड्रग्स की बिक्री पर अंकुश लगाने व उसकी रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा चलाए गए अभियान के निर्देशों क्रम में थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस द्वारा नशे की बिक्री पर अंकुश लगाने बाबत पंचवटी कॉलोनी के गेट के पास गंगापुर रोड पर अभियुक्त किफायत अली उर्फ नन्हें,धर्मपाल, मुदस्सर अली ग्राम उन्नई मकरूका थाना बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश के कब्जे से क्रमश अभियुक्त किफायत अली उपरोक्त 102.01 ग्राम स्मैक व पहनी कमीज की जेब से कुल ₹1000 व काले रंग का सैमसंग कंपनी का कीपैड मोबाइल फोन बरामद हुआ तथा अभियुक्त धर्मपाल के कब्जे से 71.22 ग्राम स्मैक तथा पहनी कमीज की जेब से कुल ₹560 व एक काले रंग का कीपैड मोबाइल कंपनी आईटेल बरामद हुआ तथा अभियुक्त मुदस्सर अली के कब्जे से 90.63 ग्राम स्मैक तथा पहनी लोअर की दूसरी जेब से एक मोबाइल फोन टच स्क्रीन कंपनी ओप्पो रंग मस्टर्ड व 920 /- रूपये व अवैध स्मैक की तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल महिंद्रा CENTURO रंग काला लाल रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 25 बीएम 5654 बरामद कर,अभियुक्त गण किफायत आदि उपरोक्त को समय 22:00 बजे गिरफ्तार कर हिरासत पुलिस लिया गया तथा बरामदगी के आधार पर थाना ट्रांजिट कैम्प मे मु0 FIRN0 - 57/2023 U/S 08/21/60 NDPS ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया



■ पुलिस टीम हेतु एसएसपी द्वारा की 2,500 रुपए ईनाम की घोषणा।

# गुरुग्राम में भी है एक छोटा सा हांगकांग मार्किट, खूबियां है बेहिसाब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 फ़रवरी। दुनिया में शॉपिंग करने वालों की कमी नहीं है। शॉपिंग करने के दीवाने लोग अपने लिए हर जगह बेस्ट प्लेस ढूंढ ही लेते हैं। अगर बात भारत की करें, तो दिल्ली खरीदारी के लिए वन स्टॉप डेसटिनेशन है। यहां सरोजिनी से लेकर, लाजपत और जनपथ मार्केट बजट में शॉपिंग करने वालों के लिए बहुत अच्छा है। लेकिन आज हम आपको गुरुग्राम के एक ऐसे मार्केट के बारे में बताएंगे, जो शॉपिंग के लिहाज से बेहद सस्ता है। यहां आपको किफायती दाम में कपड़े, ज्वेलरी से लेकर घरेलू सामान तक सबकुछ मिल जाएगा। इस मार्केट का नाम है हांगकांग मार्केट। हालांकि, यह मार्केट हांगकांग जैसा नहीं है, लेकिन अन्य मार्केट से काफी अलग है। तो चलिए जानते हैं हांगकांग मार्केट के बारे में।

हांगकांग मार्केट दिल्ली का सबसे पुराना मार्केट है। शॉपिंग क्रेजी लोगों के लिए तो यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां से आप सबसे लेटेस्ट और ट्रेंडी चीजें खरीद सकते हैं। इस बाजार में अंदर लगभग 200 स्टोर हैं। इस मार्केट को एक मॉल की तरह बनाया गया है, जहां कई सारे स्टॉल्स लगे हैं। अगर आप सौदेबाजी में अच्छे हैं, तो कम कीमत में अच्छी शॉपिंग करके ले जा सकते हैं।वैसे तो गुरुग्राम बहुत एक्सपेंसिव सिटी है। लेकिन हांगकांग बाजार लोगों को सस्ते दाम पर खरीदारी करने का मौका देता है। अगर आपको कभी फुटवियर खरीदनी हो, तो इस मार्केट में जरूर जाना चाहिए। यहां 300 से लेकर 500 रुपए की रेंज में आपको लेटेस्ट और डिजाइनर फुटवियर मिल जाएंगी। यहां कई ब्रांडेड कंपनी के स्टोर हैं। हालांकि, यहां के दुकानदार बहुत ज्यादा पैसे बताते हैं, इसलिए आपको बार्गेनिंग करनी पड़ेगी।



हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# वीरभद्र मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने की मंत्री अग्रवाल से भेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश, 19 फ़रवरी। भाजपा वीरभद्र मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। मंत्री ने सभी पदाधिकारियों से आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। रविवार को भाजपा वीरभद्र मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारी बैराज मार्ग स्थित कैंप कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। मंत्री ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन में ही सर्वसमाज का सम्मान होता है। कहा कि आप सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएं। भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान मिलता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव के लिए तत्पर होकर कार्य करने का आवाहन किया। उन्होंने पदाधिकारियों से भाजपा की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को कहा।



मौके पर वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, नवनियुक्त महामंत्री तनु तेवतिया, गौरव कैंथोला, उपाध्यक्ष जगदंबा सेमवाल, प्रिया ढकाल, विजय जुगलान, बालम रावत, कोषाध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, मंत्री शशी सेमल्टी, संदीप छिंद्रा, पुनीता भंडारी, मीडिया प्रभारी हेमलता चैहान, सोशल मीडिया प्रभारी राज कोठारी, युवा मोर्चा वीरभद्र मंडल अध्यक्ष निखिल बर्थवाल, महिला मोर्चा वीरभद्र मंडल अध्यक्ष निर्मला उनियाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ऋषभ जैन आदि उपस्थित रहे।

## बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि

पिथौरागढ़,19 फ़रवरी। नगर के एक कपड़ा व्यापारी का बीमार से निधन हो गया है। रामगंगा और क्रांति नदी के संगम पर मृतक का अंतिम संस्कार हुआ। सामाजिक रूढियों को तोड़ते हुए मृतक की बेटी ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। नगर के युवा व्यापारी बिरमथल निवासी प्रवीण सिंह कार्की (39) बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बीते रोज लखनऊ में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया है। रविवार को उनका शव यहां लाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे। बड़ी बेटी रिद्दी ने अपने नम आंखों से पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इधर प्रवीण के निधन से व्यापारियों में शोक की लहर है। देवभूमि व्यापार मंडल ने शोक में बाजार बंद रखा और मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। अध्यक्ष बबलू सामंत, महासचिव मदन मोहन उपाध्याय, सचिव महेश पाठक, जिला व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष भूपेंद्र जंगपांगी, गंगा सिंह मेहता, दिनेश चंद्र पाठक, कमल कन्याल, महिमन महरा, दीपक भैसोड़ा, सलीम अहमद, प्रवीण जंगपांगी, उमेद सिंह देऊपा सहित कई व्यापारियों ने दुःख जताया हैं।

## संपादकीय

### कार्बन क्रेडिट की पहल

जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने तथा बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक अहम कदम उठाते हुए कार्बन क्रेडिट का फायदा पाने वाली तकनीकों की सूची जारी कर दी है. इसमें कार्बन सोखने और भंडारण, स्वच्छ ऊर्जा भंडारण, सौर, पवन, हाइड्रोजन, बायो गैस, ग्रीन अमोनिया आदि से संबंधित तकनीकें शामिल हैं. पेरिस जलवायु समझौते के अनुसार इन तकनीकों के इस्तेमाल के बदले अंतरराष्ट्रीय बाजार में कार्बन क्रेडिट हासिल किया जा सकता है. इसका अर्थ यह है कि जिन तकनीकों के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित किया जायेगा, उसके एवज में ऐसी पहलों में निवेश करनेवाले देशों एवं उद्यमों को वित्तीय सहयोग मिलेगा, जो टैक्स छूट के रूप में हो सकता है. केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि इस सूची को घोषित करने का उद्देश्य उभरती तकनीकों के देश में निवेश को आकर्षित करना है. फिलहाल यह सूची तीन वर्षों के लिए है, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है. इस संबंध में जापान और सिंगापुर पहले ही भारत के साथ सहयोग करने की इच्छा जता चुके हैं. उल्लेखनीय है कि ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व समुदाय के सामने यह प्रतिबद्धता व्यक्त की थी कि 2070 तक भारत कार्बन उत्सर्जन मुक्त देश बन जायेगा. इसका मतलब यह है कि उस समय तक हमारी सारी ऊर्जा आवश्यकताएं स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से पूरी होने लगेंगी. वर्ष 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को 450 गीगावाट तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है. हालांकि बीते वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन, विशेषकर सौर ऊर्जा, के क्षेत्र में प्रगति उत्साहजनक है, लेकिन इस क्षेत्र में बड़े निवेश के साथ उच्च तकनीक की आवश्यकता भी है. कार्बन क्रेडिट देने के माध्यम से निवेश में बढ़ोतरी की संभावना तो है ही, साथ ही ऐसी तकनीकें भी देश में आ सकेंगी, जो ऊर्जा उत्पादन, वितरण और उपभोग की व्यवस्था को बेहतर बनायेंगी. आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत सरकार विदेशी कंपनियों को देश में विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त उपक्रम लगाने के लिए आमंत्रित कर रही है. इससे देश में तकनीक के विकास को भी गति मिलेगी.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## शांति भंग के आरोप में छह गिरफ्तार

पिथौरागढ़,19 फ़रवरी। जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिस ने शांति भंग के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। नगर में एसआई हीरा सिंह डांगी और एसआई प्रियंका मौनी के नेतृत्व में बीते रोज पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सिद्धार्थ यादव, पंकज रावल, मनोज रावल, ऐम बहादुरथापा व सुनील कुमार को आपस में मारपीट करते हुए पकड़ा। पुलिस ने सभी के खिलाफ भादवि की धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। इधर डीडीहाट में भी प्रभारी निरीक्षक हिमांशु पंत के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने वाले दुष्यंत कुमार के खिलाफ धारा 107, 116 व 151 के तहत कार्रवाई की है।

## संयुक्त संयोजन समिति की 26 को होगी बैठक

पिथौरागढ़,19 फ़रवरी। नगर में संयुक्त संयोजन समिति की आगामी 26फरवरी को बैठक होगी। रविवार को हुई बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष गोपालराम सिरोला ने बताया कि 14 अप्रैल को डॉ.भीमराम अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक में तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही नई कार्यसमिति का भी गठन किया जाएगा।

## हाईवे पर नेपालीफार्म से ब्रह्मपुरी तक लंबा जाम

ऋषिकेश, 19 फ़रवरी। वीकेंड पर रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटकों ने तीर्थनगरी का रुख किया। सुबह से ही पर्यटक वाहनों का दबाव बढने से ट्रैफिक लडख़ड़ा गया। हरिद्वार-ऋषिकेश राष्ट्रीय राजमार्ग पर खदरी रेलवे क्रासिंग से तपोवन, ब्रह्मपुरी तक लंबा जाम लगने से वाहन सरक-सरककर आगे बढ़े। यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए चौराहों और तिराहों पर तैनात पुलिस कर्मी खासी मशक्कत करते नजर आए। मैदानी इलाके दिल्ली, एनसीआर, गुडगांव आदि इलाकों से तीर्थनगरी ऋषिकेश में सैर सपाटे के लिए बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से हाईवे और बाईपास मार्ग पर रविवार सुबह से ही जाम की स्थिति रही। हरिद्वार-ऋषिकेश राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेपालीफार्म से खदरी रेलवे क्रासिंग, आईडीपीएल सिटी गेट, कोयलघाटी तिराहे, जयराम आश्रम चौराहे, घाट चौक, चंद्रभागा पुल तिराहा से लेकर तपोवन ब्रह्मपुरी तक ट्रैफिक व्यवस्था लडख़ड़ाती रही।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक नैनवाल ने किया 17 करोड़ लागत की पेयजल योजना का शिलान्यास

अल्मोड़ा। जल जीवन मिशन योजना के तहत भवानी देवी ग्राम समूह पंपिग पेयजल योजना के पुनर्गठन कार्य का शिलान्यास विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने भूमि पूजन कर किया। योजना का 17 करोड़ 43 लाख 76 हजार लागत से निर्माण काम होगा। रविवार को विकास खंड के इंटर कॉलेज बासोट परिसर में पेयजल योजना का शिलान्यास कर विधायक डॉ. नैनवाल ने कहा सरकार प्रत्येक घर तक जल जीवन मिशन योजना के तहत पीने का पानी पहुंचाने के लिये संकल्पित है। उन्होंने कहा चार दशक पूर्व बनी भवानी देवी पंपिग पेयजल योजना जीर्ण क्षीण हो चुकी है। इसके पुनर्गठन के लिये वे पूर्व से ही प्रयासरत रहे हैं, अब इसका पुनर्गठन जल जीवन मिशन के तहत किया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद 60 से अधिक गावों को योजना का लाभ मिलेगा। इस दौरान ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का स्वागत भी किया। यहां मंडल अध्यक्ष दरबान सिंह बिष्ट, हरीश बौड़ाई, भूपेंद्र सिंह, प्रेम सिंह रावत,भूपाल रौतेला, सुरेंद्र सिंह डंगवाल, नंदकिशोर उप्रेती, फकीर सिंह, भुबन उप्रेती, यहां तहसीलदार निशा रानी आदि मौजूद रहे।

### भोटिया पड़ाव बनखोला जोहार समिति को हस्तांतरित हो

बागेश्वर। भोटिया पड़ाव बनखोला को जोहर समिति के नाम हस्तांतरित करने की मांग तेज होने लगी है। इस मांग को लेकर समिति के लोगों ने देहरादून जाकर समाज कल्याण मंत्री से मुलाकात की। यहां पहुंचने पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तरायणी मेला एवं व्यापारिक मेला बागेश्वर में जोहारी भोटिया जनजाति के हस्तशिल्प, हथकरधा, कताई, बुनाई एवं अन्य जनपदों का बस्तु विनिमय स्थल बनखोला है। इसे जोहार सामाजिक एवं संस्कृति समति को हस्तांतरित नहीं करने पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। समिति से जुड़े लोगों ने पत्रकार वार्ता मेंअ कहा कि यह समिति पंजीकृत समिति है। यह समिति भोटिया समुदाय के लिए दिन रात काम करती है। 2006 में तत्कालीन डीएम ने भोटिया पड़ाव बनखोला निर्मित बाजार तैयार किया। इसमें भोटिया समाज द्वारा तैयार उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई जाती है। जोहारी समाज के लिए चीन, तिब्बत में व्यापार करते थे। इस समाज के लिए यहां की मंडी काशीपुर, हल्द्वानी एवं रामनगर मंडी से विभिन्न उत्पाद लेकर तिब्बत की ज्ञानिम मंडी में ले जाते थे। यहां से चीन तिब्बत के उत्पाद को भारत लाते थे। इन सामग्री को ले जाने और लाने के लिए जगह-जगह भोटिया पड़ाव थे। उन्हीं में से एक प्रमुख पड़ाव बागेश्वर भी है। आज भी उत्तरायणी मेले में जोहार से लोग यहां आते हैं। उन्होंने यह पड़ाव को उन्हें हस्तांतरिण करने की मांग की है। इससे पहले जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालय प्रदर्शन तक समिति कर चुकी है। यहां गंगा सिंह पांगती, पूजा जंगपांगी, लक्ष्मी धर्मशक्तू, हेमंत मर्तोलिया, राधा रावत, मालती जोहारी आदि मौजूद रहे।

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

बागेश्वर। मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत कांडा पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनवर सिंह के नेतृत्व में कांडा पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान प्रेम लाल पुत्र जीत राम, ग्राम दाणोंथल, सानिउडियार उम्र 37 वर्ष को ग्राम थाला के समीप नंदा देवी मंदिर के पास से 10 लीटर कच्ची शराब खाम के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### भव्य रूप से मनाई जाएगी स्वतंत्रता सेनानी राम सिंह धौनी की जयंती

अल्मोड़ा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राम सिंह धौनी की 130 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। आगामी 24 फरवरी को जयंती समारोह के दौरान धारानौला जिला पंचायत परिसर में उनकी मूर्ति पर माल्यापण समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। रविवार को मालरोड स्थित राम सिंह धोनी बहुउद्देशीय पुस्तकालय वाचनालय सभागार में सालम समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जयंती समारोह को धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि समारोह के बाद कुष्ठ आश्रम करबला में कुष्ठ रोगियों को खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। उन्होंने जयंती समारोह मे सभी राजनीतिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से उपस्थित होने की अपील की। यहां अमरनाथ सिंह रजवार, अधिवक्ता गोविंद लाल वर्मा, गोपाल सिंह मेहरा, लोकमणि भट्ट, विपिन चंद्र जोशी, दीवान, उमेश भट्ट, यतेंद्र पांडे, परमेंद्र बिष्ट, विनोद जोशी, शंकर चिलवाल, अरविंद बिष्ट आदि रहे।

### डॉक्टर और कर्मी से अभ्रदता में युवक पर मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा। नशे में धुत एक युवक ने अल्मोड़ा बाजार से लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी तक जमकर बवाल मचाया। जिला अस्पताल में इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर और कर्मचारियों से अभ्रदता कर गालीगलौच की। अस्पताल को आग लगाने तक की धमकी नशेड़ी युवक ने दे डाली। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पुलिस को 112 में सूचना मिली की एक युवक अल्मोड़ा मुख्य बाजार में नशे की हालत में जमकर हंगामा काट रहा है। सूचना मिलने पर कोतवाली से मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी दीपक सिराड़ी, निवासी ग्राम सभा सिराड़ को पकड़ा। जिसके बाद पुलिस युवक को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल ले गई। लेकिन मेडिकल के दौरान नशेड़ी युवक वहां तैनात चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अभ्रदता शुरू कर गाली-गलौच पर उतारू हो गया।

### खत्याड़ी में हुई वन अग्नि सुरक्षा के तहत गोष्ठी

अल्मोड़ा। वन अग्नि सुरक्षा के तहत ग्राम पंचायत खत्याड़ी में गोष्ठी का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित गोष्ठी में ग्रामीणों को जंगल को आग से बचाने के लिये जागरूक किया गया। गोष्ठी में वन बीट अधिकारी पूनम पंत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आग लगने से वन एवं वन्य जीवों को क्षति होती है, पर्यावरण को भी नुकसान होता है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से वनाग्नि बुझाने में वन विभाग का सहयोग करने और आग की घटना होने पर वन कर्मचारियों को सूचित करने की अपील की। यहां प्रधान राधा देवी, सरपंच राजेंद्र सिंह कनवाल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हवालबाग आनंद कनवाल, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, मनोज आर्या, नरेंद्र सिंह, बसंत सिंह, मनोज कनवाल, मीना देवी, दीवान सिंह, हर्ष कनवाल आदि रहे।

### यूकेपीएससी भर्ती घोटाले की जांच की मांग

अल्मोड़ा। यूकेपीएससी भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग को युवाओं का धरना जारी है। रविवार को अवकाश के दिन भी अल्मोड़ा गांधी पार्क में युवाओं ने मांगों के निराकरण को धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में लगातार हुए भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच को युवा धरना प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन अब तक सरकार ने इस मामले में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है। जिससे युवा बेरोजगारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# मोबाईल टॉवर पर चढ़ा युवक लोगों की सांसें अटकीं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर, 19 फ़रवरी। धर्मपुर क्षेत्र में फौजी मदकोटा निवासी एक युवक अपनी पांच एक एकड़ जमीन पर एक व्यक्ति के धोखाधड़ी से कब्जे की कोशिश का आरोप लगाते हुए बीएसएनएल के करीब 100 फिट से अधिक ऊंचे टॉवर पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने जब उसे टॉवर पर चढ़ा देखा तो उनकी सांसें अटक गईं। उससे नीचे उतरने का अनुरोध किया लेकिन वह नहीं उतरा और कथित तौर पर उसकी जमीन हड़पने की कोशिश करने वाले पर कार्रवाई की मांग करने लगा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों और पुलिस के समझाने पर करीब डेढ़ घंटे तक चले 'हाईवोल्टेज ड्रामे' के बाद पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन पर युवक नीचे उतरा।



फौजी मदकोटा निवासी राजीव सिरोही पुत्र धर्मपाल सिंह किसानी करता है। रविवार शाम करीब पांच बजे वह बीएसएनएल के टॉवर पर चढ़ गया। जब उसे ग्रामीणों ने टॉवर पर चढ़े देखा तो उन्होंने उसे नीचे उतरने को कहा लेकिन वह वहां से कूद जाने की चेतावनी देने लगा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने बताया कि राजीव सिरोह के पिता धर्मपाल सिंह का देहांत हो चुका है। धर्मपाल सिंह के बड़े भाई और धर्मपाल की कुल 15 एकड़ जमीन थी।

पूर्व में राजीव के ताऊ ने अपने हिस्से की 10 एकड़ जमीन किसी को बेच दी थी। ग्रामीणों का कहना था कि पूर्व में भूमि को लेकर कोई विवाद हुआ था और मामला कोर्ट में गया था। इस दौरान मुजफ्फरनगर निवासी एक व्यक्ति ने कोर्ट में पैरवी के दौरान उनकी कथित तौर पर मदद की थी। आरोप था कि इसी दौरान कानूनी लड़ाई के दौरान एक 10 रुपये के स्टांप पर एक सादे कागज पर कथित तौर पर राजीव सिरोही की मां के हस्ताक्षर करा लिए गए। वहीं युवक का आरोप था कि इस हस्ताक्षरयुक्त कागज का दुरुपयोग कर इस व्यक्ति ने पांच एकड़ भूमि को जालसाजी कर उसे बेचे जाने का कागज बना लिया। जिसके बूते ही वह उसकी जमीन हड़पना चाह रहा है। आरोप था कि पुलिस और प्रशासन भी उसकी मदद नहीं कर रहे हैं। मजबूर होकर उसे यह कदम उठाना पड़ा। मौके पर पहुंचे एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि पुलिस तक युवक अपनी शिकायत लेकर नहीं आया था। उन्होंने युवक को समझाया कि वह उन्हें शिकायती पत्र दें। पुलिस मामले में न्यायोचित कार्रवाई करेगी। पुलिस और गांव के बुजुर्ग जगदीश सिंह के समझाने पर युवक करीब डेढ़ घंटे बाद साढ़े छह बजे टॉवर से नीचे उतर गया। इससे बाद ग्रामीणों ने उसे पानी आदि पिलाया और समझाकर घर भेजा। वहीं एसएसआई कमाल हसन का कहना था कि युवक के शिकायती पत्र देने पर संबंधित थाना-चौकी से इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवक का पुलिस एक्ट में चालान किया गया है।

बीमारी से भी जूझ रहा है राजीव

गांव के बुजुर्ग जगदीश सिंह ने बताया कि राजीव एक बीमारी से भी जूझ रहा है। इसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान है। उन्होंने बताया कि राजीव ने उन्हें बताया कि रविवार को दिन में उसके खेत में जब गन्ने की फसल को लेकर काम चल रहा था तो आरोपी ने वहां पहुंचकर उसके मजदूरों को भी फटकार लगायी। आए दिन आरोपी उसे धमका रहा है। इसी से आहत होकर वह बीएसएनएल टॉवर पर चढ़ा।

# खुद को कम न समझें कोई भी कार्यकर्ता : डॉ. निशंक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश, 19 फ़रवरी। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि भाजपा ने राम मंदिर के लिए संघर्ष किया। आज मोदी राज में राम मंदिर बन रहा है। हमारे मानदंडों को नष्ट किया जा रहा था, किंतु आज सभी का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। रविवार को भाजपा डोईवाला मंडल की कार्य समिति की बैठक भागीरथी रेस्टोरेंट भानियावाला में हुई। इसका शुभारंभ हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता स्वयं को कम न समझें, बल्कि स्वयं के अंदर नेतृत्व क्षमता को जागृत करें। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। कहा कि राम मंदिर के लिए हमने संघर्ष किया है, जेल भी गए। आज हम भाग्यशाली हैं कि राम मंदिर को बनते हुए देख रहे हैं। कार्यकर्ता को सदैव महत्वाकांक्षी होना चाहिए, उसके अंदर आगे



बढ़ने की ललक सदैव बनी रहनी चाहिए। पीएम मोदी और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रयासों से 1036 करोड़ रुपये की लागत से डोईवाला से ऋषिकेश फोरलेन को एलिवेटेड रोड बनाने की स्वीकृति मिली है। वरिष्ठ भाजपा नेता दिगम्बर नेगी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अधिक से अधिक लोगों तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाना होगा।

जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि भाजपा ही प्रत्येक कार्यकर्ता की पहचान है। उन्होंने आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नेगी, मंडल प्रभारी पुष्पा ध्यानी, पंकज शर्मा, जगत सिंह असवाल, मंडल महामंत्री रविन्द्र बेलवाल, मनमोहन नोटियाल, उषा कोठारी, हिमांशु चमोली, पुरुषोत्तम डोभाल, राम लाल कोठारी, प्रेम सिंह, विनय जिंदल, कोमल देवी, पुष्कर नेगी, संतोषी बहुगुणा, कृष्णा तडियाल, गणेश रावत, अजय लोधी, अंकित काला, राजन गोयल, आदेश पंवार, भारत गुप्ता, हरविंदर सिंह, आरती लखेड़ा, नितिन कोठारी, सुंदर लोधी, डॉ. बलजीत सोढ़ी, अमित कुमार, नीलम नेगी, विपिन कोठारी, अजीत नेगी, सरदार अवतार सिंह आदि रहे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी अभी से करें कार्यकर्ता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बागेश्वर, 19 फ़रवरी। भारतीय जनता पार्टी खरेही मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। रानीखेत सह प्रभारी शिव सिंह बिष्ट ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों की तैयारी प्रारंभ करनी है। उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना है। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यसमिति में आगामी चुनावों की रणनीति और लक्ष्य तय किए गए। कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हेमा रौतेला ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बेहतर काम कर रहीं हैं। कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ फिर से चुनावी समर में उतरना है। जिसके लिए तैयारियां भी प्रारंभ कर ली गई हैं। संगठन से मिलने वाले दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि



करायत ने पार्टी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। अनुशासित पार्टी के प्र ति जनता का विश्वास है। जिसे आगामी नगर पंचायत, नगर पालिका और लोकसभा चुनाव को पार्टी के पक्ष में करना है। यहां मंडल प्रभारी नवीन परिहार, चंदन रावत, बालम बिष्ट, हयात सिंह, विपिन जोशी, शंभू दत्त मिश्रा, पूरन नगरकोटी, मनीष कुमार, भूपाल सिंह रौतेला आदि थे। उधर कांडा मंडल की कार्यसमिति में प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह भौर्याल ने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से आगे आने की अपील की। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फस्वाण ने कहा कि भाजपा का संगठन रोजाना मजबूत हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य सरकार हाकिमों को बचा रही: टम्टा

बागेश्वर। पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि राज्य सरकार पेपर लीक करने हाकिमों के खिलाफ तो कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जो लोग भ्रष्टाचार मामले को उजागर करने का काम कर रहे हैं, उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने का डर दिखाया जा रहा है। झूठे मुकदमों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। युवाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश स्तर पर भी यदि आंदोलन की जरूरत पड़ेगी तो कांग्रेस करेगी। पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी पर झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश की गई। उसकी कड़े शब्दों में निंदा भी की गई। यह बात टम्टा ने रविवार को पिंडारी मार्ग पर स्थित एक आवास में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। पहले भर्ती घोटाला हुआ। उसके बाद पेपर लीक हो गए। युवाओं ने मामले की सीबीआई को लेकर आंदोलन किया तो उन पर लाठियां बरसाई गई। इतना ही नहीं उन पर झूठे मुकदमे थोपे गए। सरकार लीक करने वालों को तो छोड़ रही है, लेकिन जो इसे उजागर कर रहे हैं उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने का डर दिखा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी डर दिखाकर डरने वाले नहीं है। इस मामले में कांग्रेस युवाओं के साथ है। टम्टा ने कहा कि प्रियंका गांधी ने गत दिनों घोषणा की है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो पुरानी पेंशन लागू की जाएगी और सेना को अग्निवीर के बजाए पुराने तरीके से भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। यहां पूर्व विधायक ललित फस्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी आदि रहे।

### गदरपुर में किन्नर समाज ने निकाली शोभायात्रा

रुद्रपुर। अखिल भारतीय किन्नर समुदाय ने दिलशाद नायक और कमला नायक की याद में शोभायात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में मत्था भी टेका। रविवार को शालू नायक और रेशमा हाजी नायक की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में देश के विभिन्न प्रदेशों से किन्नर प्रमुख भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बैंड-बाजों की धुन पर जमकर नृत्य किया गया। इसके बाद किन्नरों ने दिनेशपुर रोड से श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में मत्था टेका। वहीं, बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म और श्री पुरातन शिव मंदिर में दुर्गा मां को सोने का मुकुट चढ़ाया गया। साथ ही पुरातन शिव मंदिर में चाक पूजा भी की। बाद में उन्होंने तकिया वाली मस्जिद में चादर चढ़ाई। यहां करिश्मा नायक, मुन्नी नायक, चवन्नी नायक, चंदा नायक, चांदनी नायक, चांदनी नायक, सिमरन बुराड़ी, टीना बुराड़ी, अलबेली नायक, मीणा नायक, जमील नायक, बबली नायक, शमा नायक रहीं।

### डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाई

चम्पावत। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल कार्यसमिति की बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धि गिनाई। रविवार को मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर की अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। मुख्य वक्ता हेमा जोशी ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की जानकारी दी। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रोहिताश अग्रवाल ने बजट, पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार ने जी-20, हरीश हैसियत ने मन की बात, जिला मंत्री मानबहादुर पाल ने केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शिवराज कठायत, अमजद हुसैन, गिरीश खर्कवाल, सुकुमार राय, अनीता यादव, सौरभ गुप्ता, प्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

### ढाई साल बाद शुरू हुई पोंटा साहिब बस सेवा

चम्पावत। उत्तराखंड रोडवेज परिवहन निगम ने ढाई साल बाद फिर से पोंटा साहिब के लिए बस सेवा शुरू की है। एजीएम ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। रविवार को बस स्टेशन में एजीएम नरेंद्र गौतम ने रोडवेज बस को पोंटा साहिब के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि परमिट नहीं मिलने से ढाई साल से बस का संचालन बंद था। बताया कि परिवहन मंत्री और पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा के प्रयासों से फिर से परमिट मिल गया है। एजीएम ने बताया कि बस का संचालन नहीं होने से सेलाकुई आदि क्षेत्र के यात्रियों को परेशानी हो रही थी। बस सुबह साढ़े ग्यारह बजे लोहाघाट से पोंटासाहिब को रवाना होगी। अपरान्ह ढाई बजे पोंटासाहिब से लोहाघाट आएगी। कार्यक्रम में मनोज मिश्रा, राजेंद्र फत्र्याल, रामसूरत यादव, कालीचरण, सूरज भान, महिपाल, पुष्कर पंत, ओम प्रकाश, कुशल वर्मा, नरेश करायत मौजूद रहे।

### बदहाल हुआ रौंसाल-मटियानी मोटर मार्ग

चम्पावत। गुमदेश क्षेत्र के रौसाल-मटियानी मोटर मार्ग की हालत बदहाल बनी हुई है। सडक़ की बदतर हालत को लेकर लोगों ने प्रशासन और विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। शीघ्र डामरीकरण नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। स्थानीय निवासी बसंत भट्ट, भीम सिंह, गंगा सिंह, पान सिंह, माही सिंह, रतन सिंह आदि का कहना है कि करीब सात किमी लंबा रौसाल-मटियानी मोटर मार्ग की हालत लंबे समय से खराब पड़ी हुई है। कहा कि प्रदेश सरकार सडक़ों को गड्ढा मुक्त करने के दावे कर रही है। यहां के ग्रामीण लंबे समय से सडक़ में डामरीकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन अधिकारी सीएम के आदेशों की धज्जियां उड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को इस बदहाल मोटर मार्ग की जानकारी दी जा चुकी है। लेकिन सडक़ ठीक नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने शीघ्र मोटर मार्ग की हालत ठीक नहीं करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इधर लोनिवि के अभियंता राजेंद्र गिरी ने बताया कि सडक़ अभी पीएमजीएसवाई से हस्तांतरित होकर आई है। इसका इस्टीमेट शासन को भेजा गया है। बजट आने के बाद डामरीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।

### कफलांग में लगा वित्तीय साक्षरता शिविर

चम्पावत। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने कफलांग में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। शिविर में महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा और बैंक की ओर से संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। कफलांग में शाखा प्रबंधक प्रकाश सिंह करायत के नेतृत्व में अटल पेंशन, पीएम जीवन ज्योति, पीएम जीवन सुरक्षा योजना और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई। एटीएम के सीवीवी नंबर, पिन नंबर, ओटीपी किसी से साझा नहीं करने की अपील की। ग्रामीणों को डिजिटल खाता खोलने, गोल्ड लोन, कृषि ऋण, एमएसवाई नैनो और सीसीएल की जानकारी दी। शिविर में दीपा रावत, गंगा देवी, गीता देवी, सविता देवी, हेमा देवी, अर्पणा बिष्ट, मनीषा रावत, सपना रावत, कविता सिंह, मीना बिष्ट, योगिता रावत, अंजना सिंह, संगीता पुजारी, जानकी मौजूद रहीं।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

बागेश्वर। संवाद वैलफेयर सोसाइटी की ओर से करुली गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में करुली, चौरा, तुपेड़, पल्सों, दोफाड़, डुंगरी, अनगड़ी, दोया, चिड़ंग आद गांव के लोग पहुंचे। शिविर में डॉ. एंजल पटेल ने जांच के बाद मरीजों को जरूरत के अनुसार दवा दी। शिविर का आयोजन संवाद वैलफेयर सोसाइटी के संरक्षक जयंत सिंह भाकुनी, अध्यक्ष संतोष फुलारा, अंजू पांडे, मीनू तिवारी, भूपेश मिश्रा, करुली ग्राम प्रधान पंकज खेतवाल, डॉ. चंदन चौहान, अनूप कुमार, नीलम खत्री, डॉ तान्या डोगरा आदि ने सहयोग किया।